4

सं०सं०–2/पेन–69/2025–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : स्व० (डा०) रणजीत कुमार, भूतपूर्व दन्त चिकित्सक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़हिया, लखीसराय की पत्नी श्रीमती रंजना कुमारी को मृत्यु उपदान के भुगतान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि स्व० (डा०) रणजीत कुमार, भूतपूर्व दन्त चिकित्सक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़हिया, लखीसराय की सरकारी सेवा में नियुक्ति नयी पेंशन योजना के तहत वर्ष 2019 में हुई थी। स्व० (डा०) रणजीत कुमार की मृत्यु दिनांक–03.08.2024 को हो जाने के फलस्वरूप वित्त विभाग के संकल्प संख्या–622 दिनांक–28.08.2017 के आलोक में उनकी पत्नी श्रीमती रंजना कुमारी को मृत्यु उपदान के भुगतान की स्वीकृति दी जाती है।

(2) उक्त आदेश इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि यदि इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि/असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली का मामला प्रकाश में आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी ।

(3) इस पत्र के साथ निम्नलिखित अनुलग्नक संलग्न है :–

(i) नयी अंशदायी पेंशन योजना प्रपत्र अनुलग्नक–'क'
(ii) फोटो–स्व० (डा०) रणजीत कुमार की पत्नी श्रीमती रंजना कुमारी का फोटो
(iii) हस्ताक्षर का नमूना
(iv) कार्यालय, अंचल अधिकारी, मोकामा (पटना) द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यो की सूची
(v) मृत्यु प्रमाण पत्र
(vi) दीर्घकालीन बाकी/बेबाकी आवेदन पत्र
(vii) सेवा इतिहास
(viii) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लखीसराय द्वारा निर्गत मॉग रहित प्रमाण पत्र।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाए ।

विश्वासभाजन,
ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–2/पेन–69/2025– 630(2) पटना, दिनांक 25/3/ 2026

प्रतिलिपि :असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लखीसराय/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बडहिया, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। साथ ही निदेशित किया जाता है कि स्व० (डा०) रणजीत कुमार का विभागीय बकाया रहित प्रमाण–पत्र सीधे महालेखकार, बिहार को भेजते हुए इसकी सूचना विभाग को भी दी जाय।

प्रतिलिपि कोषागार पदाधिकारी, लखीसराय/श्रीमती रंजना कुमारी, पति–स्व० (डा०) रणजीत कुमार, भूतपूर्व दन्त चिकित्सक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बडहिया, लखीसराय पत्राचार का पता–ग्राम/मोहल्ला–मोल्दीयार टोला, वॉर्ड न०–11, पो०+थाना–मोकामा, जिला–पटना, पिनकोड–803302 /प्रशाखा पदाधिकारी 03, 09 एवं 18ए को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/3/26
सरकार के उप सचिव।